तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025



11 नारी सशक्तिकरण से देश व समाज की...





12 बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र में प्रवेश के लिए अराध्य देव कचनाधुर्वा...






## नवरात्रि विशेष



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥

# मृतकों का पोस्टमार्टम राजिम में कराने की मांग, 50 किमी की दूरी से परिजन परेशान

## पाण्डुका थाना क्षेत्र के मृतकों का पोस्टमार्टम राजिम स्वास्थ्य केंद्र में हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले के पाण्डुका थाना क्षेत्र में अकाल मृत्यु के मामलों में पोस्टमार्टम की जटिल और लंबी प्रक्रिया से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति (जिसमें फिंगेश्वर और छुरा दोनों ब्लॉकों के गांव शामिल हैं) के कारण वर्तमान व्यवस्था में मृतक परिजनों को 50 से 60 किलोमीटर की अनावश्यक यात्रा करनी पड़ रही है, जिससे उनकी पीड़ा और बढ़ जाती है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, पाण्डुका थाना क्षेत्र में होने वाली किसी भी मृत्यु का पोस्टमार्टम छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर द्वारा ही किया जाता है। पाण्डुका से छुरा की दूरी 50 से 60 किलोमीटर है, जबकि पाण्डुका से राजिम की दूरी मात्र 20 किलोमीटर है। इस लंबी दूरी के कारण मृतक परिजनों और पाण्डुका थाना पुलिस के बीच कई बार विवाद की स्थिति भी बन चुकी है, लेकिन अब तक इस व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं आया है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार, 26 सितंबर को सामने आया। पाण्डुका थाना क्षेत्र के ग्राम मूडतराई में एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए छुरा ले जाया जा रहा था। इस पर ग्रामीणों ने दबाव बनाते हुए शव का पोस्टमार्टम राजिम में कराने की मांग की। भारी विरोध के बाद शव को राजिम लाया गया, लेकिन राजिम में पीएम तब हो सका जब छुरा से डॉक्टर पहुंचे। इस पूरी प्रक्रिया में काफी देर हो गई, जिससे परिजन अनावश्यक रूप से परेशान हुए।



### समस्या का तत्काल हो समाधान

ग्रामीणों का कहना है कि जब राजिम की दूरी सिर्फ 20 किलोमीटर है और राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहले से ही अपने क्षेत्र के मृतकों का पोस्टमार्टम किया जाता है, तो पाण्डुका क्षेत्र के मृतकों के लिए भी यहीं सुविधा दी जानी चाहिए। इस गंभीर मुद्दे को लेकर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू ने राजस्व अधिकारी, अनुभाग राजिम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल मांग की है कि पाण्डुका थाना क्षेत्र के मृतकों का पोस्टमार्टम राजिम स्वास्थ्य केंद्र में कराया जाए। उन्होंने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तुरंत ठोस कदम उठाने की अपील की है, ताकि परिजनों को अनावश्यक मानसिक और शारीरिक परेशानी से निजात मिल सके।

**समस्या : कोपरा में बड़ा हादसा टला, पुल पर न तो बेरिकेड हैं और न ही सुरक्षा व्यवस्था**

# बाइक सवार दो युवक नदी में गिरे सहसपुर के युवाओं ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गरियाबंद से ग्राम घुरसा जा रहे दो बाइक सवार युवकों की जान आज सहसपुर और कसेरुडीह गांव को जोड़ने वाले पुल के पास बाल-बाल बची। यहां संतुलन बिगड़ने से एक कार और बाइक की टक्कर हुई, जिसके बाद दोनों युवक बाइक सहित सीधे नदी में जा गिरे। यह घटना उस समय हुई जब कसेरुडीह की ओर से आ रही एक कार से बचने के प्रयास में बाइक सवार युवकों का संतुलन बिगड़ गया। नदी में तेज बहाव होने के कारण दोनों युवक और उनकी बाइक पुल के निचले हिस्से (दोंध) में जाकर फंस गए। गनीमत रही कि पास ही मौजूद सहसपुर के युवाओं ने यह दुर्घटना देख ली। उन्होंने तुरंत नदी में छलांग लगा दी और बड़ी मुश्किल से दोनों युवकों को बाहर निकाला। सहसपुर के युवाओं के इस साहसिक कार्य से दोनों बाइक ▶▶| शेष पेज 11 पर





### लापरवाही पर फूटा गुस्सा

इस घटना के बाद ग्रामीणों और स्थानीय युवाओं में लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाय के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला। उनका कहना है कि इस दुर्घटना का मुख्य कारण सड़क की बदहाल स्थिति है। ग्रामीणों के अनुसार, यह मार्ग पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुका है और अत्यधिक जर्जर हो गया है। पुल पर न तो बेरिकेड लगे हैं और न ही सुरक्षा व्यवस्था है। रास्ता ढलानदार होने के कारण यह और भी खतरनाक हो जाता है। सड़क की खराब स्थिति के कारण ही बाइक सवार अपना संतुलन नहीं बना पाए और कार से बचने के प्रयास में नदी में जा गिरे।


समस्या : मुख्य मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना को दे रहे हैं आमंत्रण
खराब सड़कें बनी परेशानी का सबब नवरात्रि में भक्तों की बढ़ेगी मुश्किलें

# मैनपुर देवभोग हाईवे पर 24 घंटे के भीतर 6 दुर्घटनाओं में एक दर्जन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर गरियाबंद देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग में इन दिनों लगातार दुर्घटनाओं के चलते लोगों में भारी डर देखने को मिल रही है। शुक्रवार को राष्ट्रीय राज्यमार्ग 130 सी राजापड़ाव और तौरेंगा के बीच यात्री बस और बोलेरो में आमने–सामने जोरदार टक्कर हुई, जिसमें तीन लोग बोलेरो सावर घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बोलेरो रायघर उड़ीसा से नेशनल हाईवे होते हुए चंदाहांडी जा रही थी, विपरीत दिशा से महेश ट्रेवल्स की बस देवभोग से रायपुर की तरफ जा रही थी जिसमें 4 लोग घायल हो गये जिन्हे तत्काल अस्पताल भेजा गया। वहीं देवभोग नगर के भीतर मोटर साइकिल के सामने गड्ढे के पास अचानक कुत्ता आ जाने के कारण मां और बेटा घायल हो गये दोनों को तत्काल अस्पताल लाया गया जहां उनका प्रारंभिक उपचार किया जा रहा है। वहीं झरियाबाहरा के पास अभी देर शाम 6 बजे के आसपास दो मोटर साइकिल फिर टकराने से दो लोग घायल हो गये दोनो घायलो को इलाज के लिए लाया जा रहा है तो मैनपुर नगर के बस स्टैंड में यात्री बस के सामने मोटर साइकिल चालक शाम 4 बजे जोरदार ब्रेक लगा देने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया मैनपुर देवभोग मार्ग में इन दिनो लगातार दुर्घटनाओं के चलते लोगों में डर देखने को मिल रहा है।




## खबर संक्षेप



### पंचमी पर देवी मंदिरों में लगा भक्तों का तांता




**मैनपुर।** आश्विन क्वार नवरात्र के पांचवें दिन क्षेत्र भर के देवी -मंदिरों एवं देव स्थानों में शुक्रवार सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा। मैनपुर मुख्यालय वन विभाग परिसर में स्थित मां दुर्गा मंदिर में भी सुबह से देर रात तक माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि आश्विन नवरात्र के पंचम दिवस पर श्री पंचमी में माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। आज के दिन माता को श्रृंगार चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं एवं सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सौभाग्य को प्राप्त करती हैं सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित मां दुर्गा की भी विशेष पूजा अर्चना कर श्रृंगार चढ़ाया गया। भाटीगढ़ पैरी उद्गम, फुलझर के मां भगवती मंदिर, उदंती के उदंतेश्वरी मंदिर सहित क्षेत्र भर के देवी मंदिरों में श्री पंचमी पर विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गयी।

### चोरी हुई पल्सर बाइक बरामद

**नवापारा-राजिम।** 20 सितंबर की रात नवापारा के एजी ऑटो केयर बजाज शोरूम से चोरी हुई नई पल्सर एनएस बाइक आखिरकार 5 दिन बाद बरामद कर ली गई है। चोर ने पकड़ाए जाने के डर से बाइक को शहर के आखिरी हिस्से में छोड़कर भागना ही ठीक समझा। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 2 बजे शोरूम से बाइक चुराने के बाद, चोर ने उसे पारख पेट्रोल पंप के पास एक निर्माणाधीन इमारत के पास छोड़ दिया। बुधवार देर रात पुलिस को इसकी सूचना मिली, जिसके बाद शोरूम संचालक को खबर की गई। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर बाइक जब्त कर ली और उसे थाने ले आई। चोरी की यह खबर अखबारों और सोशल मीडिया पर खूब छाई रही। सीसीटीवी कैमरे में चोर की पहचान लगभग तय हो गई थी, जिससे चोर को लगा कि वह जल्द ही पकड़ा जाएगा। इसी डर से उसने बाइक को शहर के बाहर छोड़ दिया। फिलहाल बाइक तो मिल गई है, लेकिन चोर अभी भी फरार है। पुलिस ने पूरे इलाके में जाल बिछा रखा है और चोर की तलाश जारी है।

### अतिवृष्टि से धान की फसल के नुकसान का सर्वे तत्काल कराई जाए : धनेंद्र साहू

नवापारा-राजिम। **छत्तीसगढ़ प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने सीएम विष्णुदेव साय का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि



रायपुर जिले में पिछले 16 घंटे से हुई भयानक बारिश के चलते खेतो में खड़ी धान की फसल को कितना नुकसान हुआ है इसका सर्वे त्वरित रूप से की जाए और इसके साथ ही जिन किसानों के फसल का नुकसान हुआ है उनका मुआवजा बनाई जाए। श्री साहू ने कहा कि किसान बहुत मेहनत से फसल उपजाते है। हाल की बारिश ने खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। ये फसल अरली वैरायटी का था जो पकने की कगार पर था। दशहरा के आसपास कटाई भी शुरू हो जाती। परंतु अचानक हुई बारिश ने किसानो की मेहनत पर पानी फेर दिया है। कहा कि अतिवृष्टि एवं हवाओं के झोंको से ये फसल खेतो में ही सो गई तथा पानी में भीगा हुआ है। बड़े पैमाने पर धान की फसल की क्षति हुई है।
किसान संकट में आ गए है।

# धान बिक्री के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य, जिले में 6 हजार किसानों का पंजीयन बाकी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर**

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

राज्य शासन द्वारा लागू की गई इस नई व्यवस्था के तहत, बिना फार्मर आईडी के किसान न केवल सहकारी समिति में धान बेच पाएंगे, बल्कि उन्हें फसल बीमा और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी केंद्र एवं राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ भी नहीं मिलेगा। एग्रीस्टेक परियोजना का उद्देश्य किसानों की प्रोफाइल को डिजिटल रूप से एकीकृत करना है, जिससे सभी कृषि योजनाओं का लाभ ई-केवाईसी के माध्यम से पारदर्शी रूप से मिल सके। गरियाबंद कृषि विभाग के उप संचालक चंदन राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की पहल कर रहा है। पंजीयन के बाद किसानों को 11 अंकों की यूनिक फार्मर आईडी (किसान कार्ड) जारी की जाएगी, जो उनकी भविष्य की योजनाओं में डिजिटल पहचान होगी।

## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य, तभी बेच पाएंगे किसान धान



खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए फार्मर आइडी पंजीयन कराना अनिवार्य

**विकासखंड पंजीकृत किसानों की संख्या**

- मैनपुर - 4373
- अमलीपदर -12915
- राजिम - 18985
- फिंगेश्वर - 11877
- देवभोग - 19210
- छुरा - 17829
- गरियाबंद - 13241
- कुल योग - 98430

**इस आईडी के माध्यम से किसान निम्नलिखित योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त कर सकेंगे**

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- किसान क्रेडिट कार्ड
- कृषक उन्नति योजना
- उर्वरक अनुदान
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना
- कृषि यंत्र अनुदान



### जिले में पंजीयन की स्थिति

गरियाबंद जिले में कुल 1,04,445 किसान हैं, जिनमें से अब तक 98,430 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। शेष किसानों का पंजीयन कार्य तेजी से चल रहा है।

**आयोजन : राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस एवं पोषण माह पर विविध कार्यक्रम आयोजित**

# स्वास्थ्य शिविर में लोगों का किया गया हेल्थ चेकअप, दी गई दवाई

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद**

जिले में 10वाँ राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर आयुष विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य शिविर एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गरियाबंद के वन विभाग ऑक्शन हाल में किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही स्वास्थ्य सलाह के साथ दवाइयों का वितरण भी किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा उपस्थितजनों को सुपोषण शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में आयुष विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 294 मरीजों का उपचार किया गया। इसके अवाला आयुर्वेद विभाग द्वारा 187 मरीजों का होम्योपैथी तथा 40 मरीजों का एनसीडी इकाई में परीक्षण एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद शपथ भी दिलाई गई। इसके अतिरिक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं रन फॉर आयुर्वेद दौड़ का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष श्री रिखीराम यादव एवं उपाध्यक्ष श्री आसिफ मेमन शामिल हुए। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि आयुर्वेद हमारी जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। यह केवल उपचार की पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने का विज्ञान है। पोषण और आयुर्वेद एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि हम बच्चों और महिलाओं के पोषण पर ध्यान देंगे, तो स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। युवाओं को भी आयुर्वेद और योग की ओर अग्रसर होकर अपनी जीवनशैली को संतुलित बनाना चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नवीन भगत, जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय, परियोजना अधिकारी ऋषि बंजारे, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विनोद ठाकुर एवं डॉ. राजकुमार कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, पार्षद विष्णु मरकाम, रेणुका साहू, पुष्पा साहू, बबीता सेन एवं जनपद सभापति बिंदु सिन्हा उपस्थित थे।




### परामर्श सेवाएं प्रतिदिन उपलब्ध कराई जा रही




इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत कर राष्ट्रीय पोषण माह की थीम "मोटापे का समाधान" पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीयता को बढ़ावा, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, शिशु एवं छोटे बच्चों का आहार और पुरुष एवं महिला सहभागिता जैसे विषयों पर विशेष कार्यक्रमों की जानकारी दी। आयुष विभाग के डॉ. ऐश्वर्य साहू ने बताया कि राष्ट्रीय कुपोषण मुक्त अभियान के तहत बच्चों को अश्वगंधादि मोदक एवं कृमिनाशक दवाओं का वितरण किया जा रहा है। साथ ही, राष्ट्रीय आयुर्विद्या कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक माह 25 विद्यालयों में स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत जानकारी दी जाती है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के अंतर्गत एनसीडी जाँच, प्रकृति परीक्षण, योगाभ्यास एवं परामर्श सेवाएँ प्रतिदिन उपलब्ध कराई जा रही हैं। "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार हेतु विशेष शिविर भी संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. संगीता कौशिक ने पोषण विषय पर विचार रखे, वहीं डॉ. प्रिया वर्मा ने नारी सशक्तिकरण पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. सुमन बागची, डॉ. श्वेती पटेल, डॉ. काजल, डॉ. निधि, डॉ. प्रिया सहित आयुष विभाग के कर्मचारी उपस्थित

# ब्लॉक कांग्रेस छुरा ने शुरू किया बूथ एजेंट नियुक्ति अभियान



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा में संगठन को मजबूत करने और मतदाता सूची को दुरुस्त करने के उद्देश्य से प्रत्येक बूथ पर बूथ एजेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस कार्य का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा एवं संगठन महामंत्री प्रहलाद यदु कर रहे हैं। अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के मतदाताओं को सुविधा प्रदान करना है। बूथ एजेंट मतदाता सूची में मौजूद त्रुटियों को सुधारने, नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने और शुद्ध मतदाता सूची तैयार कराने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे तो आम नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। ब्लॉक कांग्रेस क्षेत्र में कुल 125 बूथ हैं। इनमें से 105 पोलिंग बूथ राजिम विधानसभा क्षेत्र में आते हैं जबकि 20 पोलिंग बूथ विंद्र नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हैं। सभी बूथों पर एजेंट नियुक्त करने का कार्य तेजी से चल रहा है और शीघ्र ही यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजन विक्रमादित्य साहू, पोखन साहू, सतीश चौरे एवं गजेंद्र साहू भी उपस्थित थे। सभी ने कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं जनता से सीधा जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिए इस कदम को महत्वपूर्ण बताया।

अध्यक्ष मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करें, ताकि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि सही एवं अद्यतन मतदाता सूची किसी भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रीढ़ होती है और कांग्रेस इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है।

# नशे में डूबा प्रधान पाठक, बच्चों की शिक्षा से खिलवाड़

**महीने में मात्र चार से पांच दिन रहते हैं उपस्थित, बाकी दिन नदारत**

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला**

राजिम विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर और ओडिशा सीमा से सटे ग्राम घोघरा की पूर्व माध्यमिक शाला इन दिनों घोर लापरवाही और अव्यवस्था का शिकार हो रही है। ग्रामीणों ने यहाँ पदस्थ प्रभारी प्रधान पाठक दालू राम कमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे बच्चों का भविष्य अंधेरे में है। पूर्व माध्यमिक शाला घोघरा की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी और यह ग्राम पंचायत पटपरपाली के आश्रित ग्राम घोघरा, विजयनगर और गौरमुड़ी के बच्चों की शिक्षा का मुख्य केंद्र है। विद्यालय में चार शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें सबसे वरिष्ठ और प्रभारी प्रधान पाठक दालू राम कमार हैं। ग्रामीणों और पालकों का आरोप है कि प्रधान पाठक दालू राम कमार का रवैया शुरू से ही गैर-जिम्मेदाराना रहा है। वह अक्सर शराब के नशे में स्कूल आते हैं। पूरे महीने में वे मुश्किल से चार से पांच दिन ही स्कूल आते हैं, बाकी समय नदारत रहते हैं।

**कलेक्टर को शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई-** ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान पाठक की इस कार्यशैली के कारण बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से बाधित हो रही है। 02 सितंबर 2025 को घोघरा, विजयनगर और गौरमुड़ी के पालकों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर गरियाबंद को जनदर्शन कार्यक्रम में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बावजूद आज तक किसी भी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश गहरा गया है। शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष इस्सा राम नेताम ने स्पष्ट शब्दों में कहा, प्रभारी प्रधान पाठक दालू राम कमार की उपस्थिति महीने में मात्र चार से पांच दिन ही रहते है। जब भी वे स्कूल आते हैं तो नशे की हालत में रहते हैं। इसकी शिकायत हम विधायक, कलेक्टर और बीईओ कार्यालय में कई बार कर चुके हैं, लेकिन अब तक ध्यान नहीं दिया गया। मीडिया जांच में भी अभिभावकों, छात्रों और ग्रामीणों ने लगभग यही शिकायतें दोहराईं। संकुल केंद्र प्रभारी पाल सिंह ध्रुव (चरौदा) तथा बीईओ कार्यालय छुरा को भी लिखित शिकायत दिए जाने की पुष्टि हुई है।

### प्रशासनिक चुप्पी पर उठे सवाल

बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद प्रशासनिक चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण पूछ रहे हैं कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यह अनदेखी जानबूझकर की जा रही है, या शिकायतों को दबाने की कोशिश हो रही है? इस मामले में जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी किशुन मतावाले से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया, "उक्त विषय में जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट आते ही आगे की कार्रवाई के लिए उच्च कार्यालय भेज दी जाएगी।" ग्रामीणों ने मांग की है कि जांच की औपचारिकता पूरी करने के बजाय तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए ताकि बच्चों के भविष्य को बचाया जा सके।

# खैरझिटी में सावित्री बघेल की स्मृति में शाला के बच्चों को न्यौता भोज

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव (कोरासी)**

ग्राम खैरझिटी की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अजब सिंह बघेल ने अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर अपनी स्वर्गीय माता सावित्री बघेल की स्मृति में शाला के बच्चों के लिए 'न्यौता भोज' का आयोजन किया। इस न्यौता भोज कार्यक्रम में बच्चों को प्रेमपूर्वक खीर, पूड़ी, बड़ा, दाल, चावल और सब्जी परोसा गया।इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षकगणों सहित संकुल के सदस्यों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक लेख नारायण सोनी, संकुल समन्वयक विनोद चंद्राकर, शिक्षक छोटेलाल सिन्हा, चित्ररेखा ध्रुव (प्रधान पाठक), सरपंच डेमेश्वर दीवान, संकुल लोहझर के शिक्षक गिरिजा शंकर देवांगन, दहरु कोसले, राधे लाल साहू तथा ग्रामवासी करणसिंह बघेल, परमेश्वरी बघेल, केशर ठाकुर, कुमारी बाई ध्रुव, लेखन ध्रुव, सातो बाई यादव, कुमारी बाई यादव सहित शाला के स्वीपर रवि सेन और अजय ध्रुव का योगदान रहा। इस पहल ने बच्चों को स्नेह और सम्मान के साथ भोजन उपलब्ध कराने के साथ ही, सामाजिक सद्भाव का भी संदेश दिया।



**नाराज ग्रामीणों ने विधायक रोहित से की मुलाकात**

# शिक्षक विहीन स्कूल और जर्जर पुलिया से आक्रोश

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा**

फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत रवेली (लोहरसी) के ग्रामीण और पालक विगत कई वर्षों से शिक्षा और आवागमन की समस्याओं से जूझ रहे हैं। शिक्षक की कमी और सरगी नाला की जर्जर पुलिया से आक्रोशित दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को राजिम विधायक रोहित साहू से उनके निवास पर मुलाकात कर इन समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय, रवेली में शिक्षकों की कमी वर्षों से बनी हुई है, जिससे बच्चों की शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। प्राथमिक विद्यालय कक्षा एक से पांच तक 79 बच्चे (33 बालक, 46 बालिका) अध्यनरत हैं, लेकिन शिक्षकों के केवल दो पद ही पदस्थ हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय यहाँ 39 बच्च हैं और शिक्षकों की संख्या दो ही है। पालकों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की मांग की।



**सरगी नाला पुलिया जानलेवा, आवागमन ठप्प-** शिक्षकों की कमी के साथ ही ग्रामीणों ने सरगी नाला पर उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण की मांग रखी। यह पुलिया पिछले कई वर्षों से इतनी जर्जर हो चुकी है कि बरसात के दिनों में यह कई बड़ी दुर्घटनाओं को अंजाम दे चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के दौरान यह नाला उफान पर होता है, जिससे ग्राम मुरमुरा, सांकरा, तौरेंगा और प्रसिद्ध जतमई-घटारानी मंदिर जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है। स्कूली बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ता है, वहीं ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर होते हैं। यह पुलिया इस पूरे क्षेत्र के लिए आवागमन की बड़ी मजबूरी बन चुकी है।

**विधायक ने दिया आश्वासन-** ग्रामीणों की मांगों को सुनने के बाद विधायक रोहित साहू ने उन्हें जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

विधायक साहू ने कहा कि पुलिया निर्माण का कार्य बरसात के बाद जल्द ही शुरू किया जाएगा और ग्रामीणों को निश्चिंत रहने को कहा। वहीं, शिक्षकों की कमी को एक व्यापक समस्या बताते हुए उन्होंने रवेली में जल्द ही इसकी व्यवस्था करने का वादा किया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि लोमश ध्रुव, लक्ष्मण कश्यप (अध्यक्ष ग्राम विकास समिति), रमेश कश्यप (सचिव), संतराम मरकाम (सहसचिव), श्रवण यादव (पूर्व सरपंच), गिरधारी विश्वकर्मा (अध्यक्ष स्कूल समिति), विष्णु निषाद, गणेश निषाद, मनीराम निषाद, मिथलेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पालक उपस्थित थे।

# स्कूल भवन की मांग को लेकर फिर ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय




**हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर**

ग्राम पंचायत दरलीपारा के गार्मीण ने लगातार कई वषोंर् से स्कूल भवन की मांग को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों एवं शासन प्रशासन को ज्ञापन देते आ रहे हैं मगर आज तक कोई उचित कदम जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उठाया नहीं जा रहा है जिसके कारण पिछले 8 सितंबर को एसडीएम देवभोग और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवभोग को ज्ञापन सौपा था और ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों को 15 दिन की समय दी गई उसके बाद भी बच्चों के लिए उचित व्यवस्था नहीं किया गया जिसके चलते आज ग्रामीणों ने देवभोग एसडीएम के दफ्तर पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ा और कई घंटे बैठे हुए थे इसके बाद अधिकारियों ने फिर एक बार आश्वासन दिया है कुछ दिनों के बाद आपको अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराई जायेगी और पुरानी भवन को मरम्मत भी कराया जायेगा। जिस पर ग्रामीणों ने अधिकारियों के बातों से हां मैं हां मिला कर उन्होंने एक महीने की समय दी है। ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना है की एक महीने के अंदर अगर भवन का मरम्मत या उचित व्यवस्था नहीं किया जाता है तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे इस विद्यालय में 69 छात्र –छात्राएं अध्यनरत है।

# नवापारा-राजिम में दुर्गा उत्सव की धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की खल रही कमी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

इस अंचल का सबसे बड़ा व्यापारिक सेंटर नवापारा शहर में दुर्गा उत्सव पूरे धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। शहर की लाइटिंग देखते ही बन रही है। मां काली मंदिर,मां शीतला मंदिर ,मां दुर्गा दरबार,मां परमेश्वरी मंदिर सहित सभी माता जी के मंदिरो में सेवा भजन हो रहा है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहो में बहुत ही आकर्षक पंडाल समिति वाले तैयार किए है। शाम होने के बाद इन सभी दुर्गा पंडालो में बड़ी भीड़ नजर आती है। शाम होते ही शहर की रौनक में चार चांद लग जाती है। मां दुर्गा की आरती से पूरा शहर गुंज उठता है। माताएं,बहनें अपने-अपने मुहल्लो और चौक-चौराहो के पंडाल में दर्शन करने और आरती में शामिल होने के बाद शहर के विभिन्न सड़को पर दुर्गा मां को देखने के लिए ग्रुप में निकलती है। इस बार बारिश ने हलाकान जरूर किया है मगर इससे उत्साह कम नही हुआ। कुछ अरसे पहले नवापारा शहर में सांस्कृतिक



कार्यक्रमो एवं आर्केस्ट्रा की धूम मची रहती थी। वैसा इस बार नजर नही आ रहा है। लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमो को देखने के लिए तरसकर रह गए है। कायदे से यदि सभी दुर्गा पंडाल के लोग मिलकर एक साथ पहल कर लेते तो अभी भी बढ़िया से बढ़िया सांस्कृतिक कार्यक्रम शहर के लोगो को दिखाया जा सकता है। नवरात्रि पर्व में लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेना चाहते है। बता दें कि इस बार शहर के प्रमुख चौक-चौराहो जिसमें श्री सत्यम दुर्गा उत्सव समिति किसानपारा, नवयुग दुर्गा उत्सव समिति शीतलापारा, जागृति दुर्गा उत्सव समिति बगदेही पारा, जय मां शारदा दुर्गा उत्सव समिति शारदा चौक, त्रिवेणी संगम दुर्गा उत्सव समिति सोमवारी बाजार, सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति लटर्रापारा, आर्यन स्टार दुर्गा उत्सव समिति स्टेशन पारा, श्री नवजागरण दुर्गा उत्सव समिति इंदिरा मार्केट में मां दुर्गा की आकर्षक मूर्ति बिराजमान है जहां शाम होते ही दर्शनार्थियो की भीड़ लग जाती है।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने सोसायटी प्रांगण में विराजित मां दुर्गा का दर्शन किया

**फिंगेश्वर।** नगर में सोसायटी प्रांगण समता क्लब के सामने नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा विराजित माता दुर्गा की प्रतिमा का राजिम विधायक रोहित साहू ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहीं पर कार्यक्रम का श्रद्धापूर्वक आनंद लिया। गुरूवार को रात्रि कार्यक्रम जय मां मौली महिला मानस मंडली ग्राम पथर्री चैतरा द्वारा भजन कीर्तन का किया गया। कार्यक्रम में कथा के साथ माता रानी मां दुर्गा का भजन गायिका संतोषी पाडिया और कथा जागेश्वर साहू सहयोगी पिंकी मानिकपुरी, कृपानिषाद, बिरेंद्र, दिनू संगीतकार शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू के साथ राजू साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष जगदीश यादव, धनंजय हरित, अरविंद यादव, पिंटु श्रीवास, डोंगर मरकाम, संतोष पुरी गोस्वामी, ईश्वर यादव आदि उपस्थित थे।

### पैरी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू, 92.40 लाख स्वीकृत

**गरियाबंद।** जंगलधवलपुर के पास बाकड़ी पैरी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने वस्तुस्थिति की जानकारी दी है। लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण उपसंभाग गरियाबंद के अनुसार, जंगलधवलपुर-जरनडीह मार्ग पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए वित्तीय प्रावधान किया जा चुका है। पुल निर्माण के लिए वर्ष 2025-26 की मांग संख्या 42/5054 (4149) वृहत पुलों का निर्माण के तहत 92 लाख 40 हजार रुपये की राशि शामिल की गई है। वर्तमान में, यह परियोजना तकनीकी स्तर पर है। नींव निर्माण के लिए सर्वे और विस्तृत प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण) ने बताया कि नींव स्तर के निर्धारण के लिए बोरिंग का कार्य किया जाना है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद आवश्यक प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही पूरी कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी ने आगे बताया कि शासन और जिला प्रशासन इस विषय को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और पुल निर्माण को प्राथमिकता में रखा गया है। पुल बनने से न केवल विद्यार्थियों बल्कि आम जनों को भी आवाजाही में सुगमता मिलेगी।

## आयोजन : बाढ़ आपदा से निपटने तौरेंगा और मरौदा जलाशय में मॉक ड्रिल

# बाढ़ में फंसे लोगों की सुरक्षित निकासी का अभ्यास, राहत शिविर भी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में तौरेंगा और मरौदा जलाशय में किया गया। जलाशय को कृत्रिम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मानकर सुरक्षा व्यवस्था, राहत एवं बचाव की तैयारी को परखा गया। जिसमें विभिन्न सरकारी एजेंसियों और स्वयंसेवी संगठनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थिति में राहत और बचाव कार्यों की गति, प्रभावशीलता और विभिन्न टीमों के बीच तालमेल का मूल्यांकन करना था। इस दौरान बाढ़ की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना, घायलों को प्राथमिक उपचार देना, भोजन और आश्रय की व्यवस्था करना, तथा संचार व्यवस्था को बनाए रखना जैसे विभिन्न परिदृश्यों का अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय कर्मियों ने बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने, नावों का उपयोग कर बचाव कार्य करने, अस्थाई राहत शिविर स्थापित करने और चिकित्सा सहायता प्रदान करने का प्रदर्शन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री बी एस उईके, पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा, जिला सेनानी सहित नगरसेना के बाढ़ आपदा टीम एवं आपदा मित्र की संयुक्त टीम मॉक ड्रिल में मौजूद रहे।




### प्राकृतिक आपदा का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें

कलेक्टर एवं एसपी ने मॉक ड्रिल का बारीकी से निरीक्षण किया और सभी कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मॉक ड्रिल हमें अपनी तैयारियों का आकलन करने और किसी भी संभावित कमी को दूर करने में मदद करेगा। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और जनहानि व संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम कर सकें। कलेक्टर ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रक्रिया है, मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों की वास्तविक स्थिति का अभ्यास किया गया। जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों को आपातकालीन परिस्थिति का अनुभव मिला। मॉक ड्रिल की सफलता ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत किया। यह जिले को संभावित आपदाओं से निपटने में सक्षम बनाएगी। सफल मॉक ड्रिल से यह स्पष्ट हो गया है कि जिला प्रशासन बाढ़ आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और बचाव कार्यों में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अभ्यास ने हमें अपनी रणनीति को और बेहतर बनाने का अवसर दिया है।



# नारी सशक्तिकरण से देश व समाज की प्रगति में होगी वृद्धि : इन्द्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि नारी सशक्तिकरण से देश एवं समाज की प्रगति और विकास में और वृद्धि होगी। विधायक श्री साहू नवापारा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। इस शिविर में 267 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई एवं परामर्श दिया गया। बता दें कि एनसीडी कैंसर विशेषज्ञ, नेत्र,दंत रोग, फिजियोथैरेपी, एक्स-रे, पैथोलॉजी, बीपी, शुगर जांच, गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी बाल्य-शिशु एवं स्त्री रोग, अस्थि,शैल्य विशेषज्ञ की सुविधा सहित अनेक प्रकार के जांच एवं निशुल्क इलाज की व्यवस्था इस दौरान की गई थी। विधायक श्री साहू ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भुपेन्द्र सोनी ने संबोधित किया। इस अवसर पर चंद्रिका साहू,युधिष्ठिर चंद्राकर,जीवनदीप समिति के सदस्य किशन सांखला,डॉ लीलाराम साहू, साधना सौरज,सचिन सचदेव ,मुकुंद मेश्राम,धनमती साहू, हर्षा कंसारी ,पूजा कंसारी,जीना निषाद,मनीष देवांगन, धीरज साहू, चेतन साहू, सहित बड़ी संख्या में मितानिन बहने एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले के गांधी मैदान में 28 सितंबर से भव्य होगा रास-गरबा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति गांधी मैदान के तत्वावधान में 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक भव्य रास-गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर गांधी मैदान में तैयारियां तेज हो चुकी हैं। इसे लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। ज्ञात हो कि आयोजन को लेकर यह लगातार चौथा वर्ष है। इधर, गरबा महोत्सव से पहले स्थानीय महिलाओं और बच्चों को मंगल भवन में प्रतिदिन गरबा का अभ्यास कराया जा रहा है। यहां उन्हें गरबा की विभिन्न विधाओं, पारंपरिक ताल और नृत्य की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। रोजाना प्रेक्टिस में बड़ी संख्या में युवतियां और महिलाएं पहुंच रही है। इसी से उत्साह का झलक रहा है। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष विनय दासवानी ने बताया कि पंजीयन की प्रक्रिया भी जारी है, जिसमें अब तक 600 से अधिक लोगों ने नाम दर्ज करा लिया है।




उन्होंने बताया कि आयोजन के दौरान प्रतिदिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही अंतिम दिन विजेताओं पर विशेष पुरस्कारों की बौछार होगी। प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड भी तय किया गया है। चार दिवसीय गरबा के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार और इंफ्लूसर धनेश साहू, प्रकाश अवस्थी, इशिका यादव, हर्षाली चौहान, इशिका वादवानी भी शामिल होंगे।

पेज 9 का शेष...

### बाइक सवार दो...

सवारों की जान बच गई। युवकों को हाथों में अंदरूनी चोटें आईं, जिसके बाद युवाओं ने उन्हें पास के डॉक्टर के पास पहुंचाया। घंटों मशक्कत के बाद युवाओं की टीम ने रस्से की मदद से फंसी हुई एचएफ डीलक्स बाइक को भी नदी से बाहर निकाला और ऑटो पार्ट्स तक पहुंचाया। युवाओं के इस कार्य की राहगीरों ने खूब प्रशंसा की।

**जल्द मार्ग को दुरुस्त करें लापरवाही पर सवाल:** ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि यहाँ कोई बड़ी दुर्घटना घट जाती, तो इसका जिम्मेदार कौन होता?

**पुरानी शिकायतें अनसुनी:** ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले हरिभूमि ने भी इसी जगह की खराब स्थिति को लेकर विभाग को जानकारी दी थी, लेकिन विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया।

यह मार्ग कई पर्यटन स्थलों और प्रसिद्ध वॉटरफॉल को भी जोड़ता है। ग्रामीणों और युवाओं ने विभाग से अपील की है कि वे जल्द से जल्द इस मार्ग को दुरुस्त करें, ताकि राहगीरों को अपनी जान जोखिम में डालकर सफर न करना

# पंडित उपाध्याय की जयंती पर भाजपा मंडल मैनपुर ने मनाया सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा मंडल मैनपुर ने महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप में बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके दिखाए 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' की भावना से प्रेरित होकर समाज सेवा करता है। उन्होंने बताया कि यह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू होकर गांधी जयंती तक चलेगा, जिसका मुख्य संकल्प समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाना है। जिला उपाध्यक्ष सरिता सेन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने संक्षिप्त जीवनकाल में ही राजनीति को सेवा और समाज उत्थान का माध्यम बनाया। उनके विचार और दर्शन आज भी भाजपा के लिए मार्गदर्शन का काम करते हैं। उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम को मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा और प्रकृति संरक्षण का संदेश देने वाला बताया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सरिता सेन, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, रामदास वैष्णव, तीजूराम सिन्हा, किशोर यदु, गोविंद नायक, रूपेश साहू, घनश्याम मरकाम, तुलसी राठौर, अजय बघेल, कोमल सोनवानी, दिनेश शर्मा, रोहित नायक, यमराज ओटी, पुलस्त शर्मा, सुधीर ठाकुर, हेमंत साहू, मनोज निर्मलकर, हनीता नायक, मोहन कुशवाहा, सुहागा पांडे, निमेष सिन्हा, लालधर सोनवानी, दाऊ लाल ध्रुव, नरेश सोनवानी, हिमेश्वरी कश्यप, सुरेश यादव, राकेश दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# गरियाबंद संगठन को जल्द मिलेगा नया अध्यक्ष, रेहाना बनीं जिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया प्रदेश स्तर पर शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में गरियाबंद जिले के कार्यकर्ता भी नए अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं, जो ब्लॉकों में जाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे और अधिकतम छह नामों का पैनल तैयार कर हाईकमान को भेजेंगे। इनमें से एक नाम पर मुहर लगाई जाएगी। राजस्थान पूर्व राज्यमंत्री रेहाना चिश्ती को गरियाबंद जिले के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वर्तमान कांग्रेस संगठन अब तक के सबसे कमजोर दौर से गुजर रहा है। वर्तमान जिलाध्यक्ष भावसिंह साहू के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन निचले स्तर में चला गया है। अब नया जिलाध्यक्ष नियुक्ति होने के बाद उम्मीद है कांग्रेस पार्टी में नई जान आएगी। खास बात यह है कि प्रदेश के सभी 41 संगठन जिलों में अध्यक्षों का चयन किया जाएगा। जिनमें से 11 जिलों में छह माह पहले ही अध्यक्ष नियुक्त हो चुके हैं, जबकि शेष जिलों में नई नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। गरियाबंद भी उन्हीं जिलों में शामिल है, जहां अध्यक्ष पद खाली है। सूत्र बताते हैं कि इस बार गरियाबंद जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पूरी तरह निष्पक्ष रायशुमारी के आधार पर होगी। इस कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उम्मीद जगी है कि स्थानीय स्तर पर सक्रिय और समर्पित नेतृत्व को संगठन की कमान सौंपी जाएगी।

गौरतलब है कि कांग्रेस हाईकमान ने पर्यवेक्षकों को यह निर्देश दिया है कि वे बड़े नेताओं के घर बैठकर परामर्श लेने की बजाय सीधे कार्यकर्ताओं से फीडबैक लें। इस प्रक्रिया से कार्यकर्ताओं की आवाज़ को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया है। गरियाबंद में कांग्रेस कार्यकर्ता नए जिला अध्यक्ष की घोषणा का इंतज़ार कर रहे हैं और उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस बार नियुक्ति पूरी तरह निष्पक्ष होगी।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## ग्राम छुईहा में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम...





जय किशन दुर्गोत्सव बोड़की



राम नगर पतोरा



सार्वजनिक दुर्गोत्सव चैतरा



गांधी चौक पतोरा



सार्वजनिक दुर्गोत्सव पतोरा

**छुईहा/बेलर।** ग्राम छुईहा में शारदीय नवरात्रि पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गांव का वातावरण पूरी तरह से धार्मिक और भक्तिमय हो गया है, जहाँ भक्तजन उपवास रखकर और साधनात्मक अनुष्ठान करके माता रानी की आराधना कर रहे हैं। गाँव में जगह-जगह दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई है। मुख्य रूप से गायत्री मंदिर प्रज्ञा मंडल और सार्वजनिक स्थल आजाद चौक में प्रतिमाएं स्थापित कर परंपरागत जोत प्रज्वलित किए गए हैं। प्रतिदिन आरती एवं चालीसा का पाठ किया जा रहा है, जिसमें पंडा श्री दुखु राम ध्रुव, देवकरण ध्रुव, नीतीश ध्रुव, टेक राम ध्रुव सहित संरक्षक दया राम ध्रुव, टेमन सिन्हा, अध्यक्ष भरत ध्रुव, सचिव कृपा राम सिन्हा और सदस्य मिलन ध्रुव, फत्ते ध्रुव, सिया राम ध्रुव, पीताम्बर निर्मलकर, बाऊ राम, भोज राम, नारायण ध्रुव, तिहारू यादव, तीजउ यादव शामिल हो रहे हैं। गाँव के बस स्टैंड छुईहा पर भी भक्तिमय माहौल है, जहां महिलाएं और युवा श्रद्धालु बड़ी संख्या में संध्या वंदन (आरती) में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान **पड़ा रामचद, परदेशी सिन्हा, यशवंत निर्मलकर जैसे श्रद्धालु माता रानी की आराधना में तल्लीन दिखाई दे रहे हैं। ग्रामवासी इस पर्व को सामूहिक रूप से शुद्ध वातावरण में भक्ति और आस्था के साथ मना रहे हैं। नवरात्रि का यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और पारंपरिक संस्कृति को भी मजबूत करने का काम कर रहा है।

### खबर संक्षेप

### विधायक से मिली सौगात साहू समाज ने आभार माना

**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव के लिए बड़ी खबर है। राजिम विधायक रोहित साहू ने डोंगेश्वर धाम बोरिद में कर्मा माता की प्रतिमा स्थापना समारोह के दौरान महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा की है।



परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर साहू और संरक्षक कूंजन साहू ने बताया कि विधायक रोहित साहू 22 सितंबर को बोरिद पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने कर्मा माता मंदिर तक पक्की सड़क निर्माण कराने और महिला-पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग शौचालय के निर्माण की घोषणा की, ताकि स्वच्छता बनी रहे और श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। इसी कार्यक्रम में विधायक द्वारा 20 लाख रुपये की लागत के टीना शेड और 6 लाख रुपये की लागत के सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया गया। विधायक रोहित साहू के इन उदारतापूर्ण विकास कार्यों के लिए सरपंच बोरिद हूमन राजकुमार सिन्हा, सरपंच सरकड़ा अमिता मनोज यदु, साहू समाज प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, अध्यक्ष मनोहर साहू, संरक्षक कूंजन साहू सहित गंगाराम साहू, हंसराम साहू, राजु साहू, सत्तु साहू, गुपेश साहू, कुंती साहू, आन्नद साहू, अशोक साहू, पन्ना, राधे श्याम, जनक, खोरबाहरा, पुरोषतम साहू एवं साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया है।

### राशनकार्ड सदस्यों का ई-केवाईसी अब 15 अक्टूबर तक

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत समस्त राशनकार्डधारियों के लिए 15 अक्टूबर 2025 तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी अरविन्द कुमार दुबे ने बताया कि जिले में वर्तमान में 2 लाख 17 हजार राशनकार्डो में पंजीकृत 6 लाख 59 हजार 609 सदस्यों में से 5 लाख 67 हजार 179 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। शेष 92 हजार 343 सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना है। जिले में ई-केवाईसी के लिए शेष सभी सदस्यों में 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ई-केवाईसी से छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि ई-केवायसी की सुविधा समस्त उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीनों में उपलब्ध है।

## पर्व : नवरात्रि पर्व में पंचमी के बाद ही पहाड़ी के चोटी तक पहुंच पाते हैं श्रद्धालु

# बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र में प्रवेश के लिए अराध्य देव कचनाधुर्वा की लेनी होती है अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के प्रमुख गढ़ों में से एक बिंद्रानवागढ़ आज भी अपनी प्राचीन परंपरा, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। बिंद्रानवागढ़ में प्रवेश के लिए आज भी आदिवासियों के अराध्य देव राजा कचनाधुर्वा की अनुमति लेनी होती है, जो सदियों पुराना एक अटूट रिवाज है। मूल निवासी या आदिवासी समाज के लिए कचनाधुर्वा का नाम सबसे पहले शुमार है। कोई भी धार्मिक, सामाजिक या मांगलिक कार्य उनके स्मरण के बिना पूरा नहीं होता। घनघोर जंगलों से सुरक्षित गुजरने के लिए भी इनके चरणों में पूजा-अर्चना के बाद ही यात्रा सफल मानी जाती थी। मैनपुर के बाजाघाटी, गरियाबंद के बारूका और छुरा प्रवेश से पहले मुख्य मार्गों पर आज भी कचनाधुर्वा का देवालय मौजूद है, जहां राहगीर माथा टेककर निर्बाध आवागमन की अनुमति मांगते हैं।

**पहाड़ी पर कचनाधुर्वा का किला और आस्था का केंद्र-** बिंद्रानवागढ़ (जो अब एक विधानसभा क्षेत्र भी है) मैनपुर से मात्र 22 किलोमीटर दूर नेशनल हाइवे 130C पर स्थित है। यहाँ की विशाल पहाड़ी की चोटी पर महान वीर पराक्रमी राजा कचनाधुर्वा का किला स्थित है। जनश्रुति है कि राजा कचनाधुर्वा ने अपनी वीरता से 9 राज्यों को जीतकर नवागढ़ में अपना राज स्थापित किया था। किले की सुरक्षा के लिए पहाड़ी के चारों ओर 9 तालाबों का निर्माण किया गया था।

पुजारी जागेश्वर कोमर्रा, जगदीश कोमर्रा, जयसिंह दाऊ और अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि यह पहाड़ी लाखों लोगों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि कचनाधुर्वा देवपुरूष थे और उनके साथ देवी-देवता हमेशा सुरक्षा में रहते थे। पहाड़ी पर कचनाधुर्वा के साथ गादीमाई, कालाकुंवर, पाठरानी, चारदेवता, बुढ़ाराजा, रानीमाई, ठाकुरदेव, माटीमहतारी सहित कई देवी-देवताओं के मंदिर हैं। यहां छत्तीसगढ़ और ओडिशा सहित अन्य राज्यों के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करने पहुँचते हैं।

**रहस्यमय स्थल और रानी का समाधि स्थल-** पहाड़ी में आज भी राजा-रजवाड़े जमाने के खड़क तलवार और एक रहस्यमय गुफा मौजूद है, जो राजा के किले से निचले हिस्से में दूसरी पहाड़ी पर निकलती है। यहां प्राचीन मूर्तियों का एक समूह है, जिनकी खासियत है कि सभी मूर्तियाँ कहीं न कहीं से टूटी-फूटी हुई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यहाँ एक निशान (वाद्ययंत्र) भी है, जो पहले दशहरा के दिन अपने आप बज उठता था। पहाड़ी के नीचे नेशनल हाईवे के किनारे रानी चंद्रकुमारी शाह का प्राचीन कालीन समाधि स्थल (मठ) दिखाई देता है, जिसका निर्माण 1854 के आसपास किया गया था। यह महान वीर कचनाधुर्वा के परिवार की रानी माई चंद्रकुमारी शाह का मठ है, जिससे अनुमान लगाया जाता है कि राजा कचनाधुर्वा की राजधानी बिंद्रानवागढ़ में 1857 तक रही होगी।

**पर्यटन और मूलभूत सुविधाओं का अभाव-** धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर होने तथा विधानसभा क्षेत्र का नाम होने के बावजूद, बिंद्रानवागढ़ आज भी प्रशासनिक और पर्यटन की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि यहाँ आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए बेहतर विश्राम गृह, सीढ़ियों के दोनों ओर रेलिंग, पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था और गार्डन जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराते हुए बिंद्रानवागढ़ को पर्यटन स्थल घोषित किया जाना चाहिए।



### पंचमी के बाद ही चोटी तक जाते हैं श्रद्धालु

बिंद्रानवागढ़ की पहाड़ी में आदिवासी परंपरा अनुसार पूजा-पाठ वर्षों से किया जा रहा है। यहाँ की एक विशेष मान्यता है कि नवरात्र पर्व में पंचमी से पहले कोई भी श्रद्धालु पहाड़ी की चोटी पर स्थित कचनाधुर्वा देव के प्रमुख मंदिर तक नहीं पहुँचते। पंचमी के बाद ही यहाँ देवदशहरा का आयोजन होता है और झाखर पुजारी, बैगा, सिरहा द्वारा पालो चढ़ाने के बाद ही श्रद्धालु चोटी तक पहुंचते हैं। पहाड़ी के निचले छोर पर गढ़िया देवी का मंदिर है।



## रामकुमार बने नगर साहू संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम



नगर साहू संघ के चुनाव में रामकुमार साहू 40 वोट पाकर अध्यक्ष बने। दो और अन्य प्रत्याशी भवानी साहू और ईश्वर साहू को 25-25 वोट मिला। बताया गया है कि यह चुनाव तहसील साहू संघ के अध्यक्ष व राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू की मौजूदगी में निर्वाचन अधिकारियो ने संपन्न कराया। दी गई जानकारी के मुताबिक उपाध्यक्ष संतोष साहू ,उमा देवी साहू ,संगठन सचिव भागवत साहू ,दावना साहू बने। इस चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के साथ ही लोकतांत्रिक ढंग से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी रामजी साहू ,कुंजन साहू ,कुंजबिहारी साहू ,डॉक्टर ओमप्रकाश साहू ,हरीराम साहू ,अधिवक्ता घनश्याम साहू ,नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। पश्चात निर्वाचन पदाधिकारी रामजी साहू ने राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू के विशेष उपस्थिति में नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकुमार साहू को राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमित साहू ,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,संगठन मंत्री बलराम साहू ,पूर्व पार्षद कुलेश्वर साहू ,किशन साहू ,वेदराम साहू ,चमरू साहू ,कलीराम साहू ,मनीराम साहू ,नगर साहू संघ राजिम के पूर्व अध्यक्ष संतोष साहू ,बंधु भोले साहू ,टीकम साहू ,नगर साहू संघ के सचिव राजू साहू ,विष्णु साहू ,तरुण साहू ,श्याम साहू ,आमिर साहू ,सुखदेव साहू ,प्रीत साहू,गजानन साहू ,रामानंद साहू ,ईश्वरी साहू ,तेज साहू ,दयानंद साहू ,रमेश साहू ,यशवंत साहू ,लोकनाथ साहू ,दिनेश्वर साहू ,प्रेम शंकर साहू ,मनीषा साहू ,बृजबाई साहू ,बबली साहू ,रामबाई साहू ,पुष्पा साहू ,सरिता साहू ,तोरण साहू ,नम्रता साहू एवं परिक्षेत्र साहू समाज बेलर के अध्यक्ष प्रवीण साहू ,वैद्यराज ओमप्रकाश साहू ने बधाई दिया।



## राष्ट्रीय पैरा योगासन स्पोर्ट्स चौंपियनशिप नई दिल्ली के लिए तोरण एवं प्रीति का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ के दो प्रतिभाशाली पैरा-एथलीटों तोरण यादव और प्रीति यादव का चयन प्रतिष्ठित पहला नेशनल पैरा योगासन चैंपियनशिप 2025–26 के लिए हुआ है। यह चैंपियनशिप 27 से 28 सितंबर 2025 तक मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। इसका आयोजन पैरा योगासन स्पोर्ट्स प्रमोशन कमेटी ऑफ योगासन भारत एवं नवयोगा सूर्योदय सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। तोरण यादव (पिता डेरहा यादव) महासमुंद जिले की ग्राम पंचायत खट्टी के निवासी हैं। वह न केवल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं, बल्कि उन्होंने पदक जीतने में भी सफलता हासिल की है। तोरण यादव अपने गाँव खट्टी में नियमित रूप से योगाभ्यास करते हुए अन्य खिलाड़ियों को भी अभ्यास कराते हैं। वह वर्तमान में मनसा कॉलेज से शारीरिक शिक्षा (बीपीएड) की पढ़ाई भी कर रहे हैं। प्रीति यादव (पिता रमेश यादव) गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम बरभाठा की निवासी हैं। वह वर्तमान में फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय कर्मापटपर, बागबाहरा में रहती हैं। प्रीति ने पहले भी पैरा एथलेटिक्स में पदक जीतकर सफलता हासिल की है और उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खेल अलंकार से सम्मानित किया जा चुका है। दोनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए रवाना होंगे।



तोरण यादव और प्रीति यादव के इस राष्ट्रीय चयन पर विभिन्न विभागों और संस्थाओं के लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में उप संचालक समाज कल्याण विभाग संगीता सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, मनसा शिक्षा महाविद्यालय भिलाई की प्राचार्य डॉ. स्मिता सक्सेना एवं खेल अधिकारी डॉ. मेजर सिंह, जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ महासमुंद अध्यक्ष निरंजन साहू एवं गणेश राम कोसरे, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र देवांगन, डॉक्टर विकास अग्रवाल, स्पोर्ट्स ऑफिसर पीजी कॉलेज दिलीप लहरें, राकेश ठाकुर, शिवेंद्र यादव, सविता निषाद, सत्यनारायण दुर्गा, प्रभा साहू, एवन साहू और फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय कर्मापटपर बागबाहरा के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ शामिल हैं।

## नवागांव में रामलीला का मंचन कल से 2 तक होगा

**अभनपुर।** नवागांव सेक्टर 28 नवा रायपुर मे श्रीरामलीला मंडली द्वारा 28 सितम्बर से रामलीला के विभिन्न लीलाओ का मंचन का शुभारंभ किया जायेगा यह आयोजन 28 से 2 अक्टूबर दशहरा उत्सव तक चलेगी। लोकेश यादव ने बताया कि लीला रात 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक चलेगी जिसमे भगवान राम सहित रामायण के अनेक पात्रो का मनभावन दृश्य दिखाया जाये।



Ajay Advt.



## नवरात्रि, भक्ति एवं आराधना का पर्व : लखन

**नवापारा राजिम।** तर्री के शांती नगर में ज्योति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा एवं ज्योति जंवारा स्थापित कर बहुत धूमधाम से सेवा जसगीत के साथ नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि लखन सिन्हा, डॉ लीलाराम साहू के उपस्थिति में मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें समिति के अध्यक्ष वर्चस्व सिंह राजपूत, राजकुमार राजपूत,राजू नेताम,कोषाध्यक्ष सुनील साहू, डिगेश्वर साहू, पूनम साहू,भूषण विश्वकर्मा,तनु मिश्रा,सरोज साहू,शांति साहू,विद्या बाई साहू,मुकुंद पवार,फेकन नगारची, शशि नगारची,रामकुमार साहू,चंद्रिका देवांगन,धरम देवांगन,कमलेश साहू शामिल हुए। इस अवसर पर तनु मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि का पर्व में 9 दिनों तक माता के अलग-अलग रूपों की पूजा अर्चना करते हैं,जिससे हम सबकी मनोकामना पूर्ण होती है। सरपंच प्रतिनिधि लखन सिन्हा ने बधाई देते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व हमें शक्ति,साहस और ज्ञान की देवी माँ दुर्गा की आराधना करने का अवसर प्रदान करता है। कहा कि नवरात्रि भक्ति एवं आराधना का पर्व है,उनके आशीर्वाद से जीवन में सुख,शांति और समृद्धि आती हैं। इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर गाँव, समाज में सुख, शांति और सौहार्द का वातावरण बनाने का संकल्प लें।







